उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं
प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 04.07.2024
# महोबा पुलिस
मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में प्रभारी यातायात द्वारा चलाया गया विशेष चेकिंग अभियान, वाहन चालकों को पढाया यातायात नियमों का पाठ...।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जनपद में अपराधों की रोकथाम एवं जनपद में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने व यातायात व्यवस्था को अक्षुण्य बनाये रखने के उद्देश्य से निरन्तर सघन चेकिंग/जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है।

जिसके क्रम में आज दिनांक 04.07.2024 को प्रभारी यातायात महोबा श्री सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा विशेष अभियान के तहत यातायात पुलिस टीम द्वारा जनपद के विभिन्न स्थलों में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया साथ ही दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु बिना हेलमेट/शीटबेल्ट लगाकर वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध अभियान चलाया गया व दुर्घटना से बचाव हेतु हेलमेट/शीटबेल्ट के महत्व को बताते हुए यातायात नियमों का पाठ पढाया गया।

इसी क्रम में शहर के मुख्य स्थानों पर काली फिल्म, हूटर, दोषपूर्ण नम्बर प्लेट, हेलमेट, सीट बेल्ट की चेकिंग की गई एवं चालान किए गए। यातायात पुलिस टीम द्वारा आमजनमानस/वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करते हुए सभी को यातायात नियमों का पालन किये जाने की अपील की जा रही है, जिससे जनपद महोबा में सड़क दुर्घटनाओं को होने से रोका जा सके।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक- 04.07.2024**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत कम्यूनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु शक्ति दीदी (महिला बीट एवं महिला हेल्प डेस्क) के माध्यम से जनपद में विभिन्न स्थानों पर संचालित कराये गये आउटरीच प्रोग्राम। नये कानूनों में महिलाओं को प्रदान किये गये अधिकारों की भी दी गई जानकारी...।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत आज दिनांक 04.07.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में शक्ति दीदी (महिला बीट तथा महिला हेल्प डेस्क) के माध्यम से जनपद के समस्त थानों पर आउटरीच प्रोग्राम चलाकर अपने-अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत आबादी क्षेत्र, बाजारों, भीड़भाड़ वाले इलाकों, स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों, मेलों एवं गांव में पहुंचकर बालिकाओं/छात्राओं एवं महिलाओं को महिला उत्पीड़न की रोकथाम संबंधी अधिकारों एवं महिला उत्पीड़न के संबंध में पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के बारे में जागरूक किया गया तथा प्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं यथा- मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बैकिंग कॉरस्पोडेंट सखी, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व राष्ट्रीय पोषण मिशन के संबंध मे विस्तृत जानकारी दी गयी। इसके अतिरिक्त उनके साथ किसी भी अप्रिय घटना के बारे में संदेह होने पर उनकी सहायतार्थ नये कानूनों में महिला सम्बन्धी अपराधों के प्रति उनके अधिकारों की भी जानकारी प्रदान की गयी है साथ ही विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर-112, 108, 181, 1076, 1090,1098 की जानकारी व उनके प्रयोग के बारे में विस्तृत रुप से बताया गया एवं साइबर अपराध होने पर साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930 पर अपनी शिकायत दर्ज कराये जाने के बारे में भी बताते हुए जागरुक किया जा रहा है।





उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक- 04.07.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-

आज दिनांक 04.07.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जनपदीय पुलिस बल द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी।

जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी ।






**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक- 04.07.2024**

# महोबा पुलिस


**मीडिया सेल, महोबा**

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान पीडितों की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया, प्राप्त जन समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में सम्बन्धित को दिये आवश्यक निर्देश-

आज दिनांक 04.07.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी। जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना जा रहा है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं को लेकर आये उन सभी की समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने के स्पष्ट निर्देश दिये गये हैं।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाये जाने हेतु किये जा रहे प्रयासों के क्रम में सभी अधीनस्थों को निर्देशित किया गया कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर पर हो सकता है उन सभी समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण थाना स्तर पर ही कराना सुनिश्चित किया जाये किसी भी फरियादी को परेशान न किया जाये; सभी से सम्मान पूर्वक बर्ताव किया जाये, निर्देशित किया गया कि घटना की तथ्यात्मक जानकारी करते हुये गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये याद रखे जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना आपकी पहली प्राथमिकता होनी चाहिये, किसी भी पीड़ित से गलत व्यवहार की सूचना प्राप्त होने पर कठोरतम कार्यवाही की जायेगी ।



## थाना कोतवाली नगर महोबा की पुलिस टीम ने चोरी तथा दुष्कर्म के 02 नफर वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, चोरी के वांछित अभियुक्त से 02 मुकदमों से सम्बन्धित कुल 01 लाख 20 हजार रुपये बरामद-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने एवं अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 04.07.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यम् व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली नगर महोबा प्रभारी निरीक्षक श्री नरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा संयुक्त पुलिस टीम का गठन किया गया।

उ0नि0 सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया, चौकी प्रभारी भटीपुरा के नेतृत्व में गठित हुई प्रथम पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान मु0अ0सं0-149/2024 धारा 379/411 भादवि में वाँछित अभियुक्त मोहम्मद आसिफ पुत्र इशहाक अली उम्र करीब 21 वर्ष निवासी गनीनगर मजरा शाहपुर थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद के कब्जे से 90 हजार रुपये सम्बन्धित मु0अ0सं0 149/2024 धारा 379/411 भादवि थाना कोतवाली नगर जिला महोबा तथा 30 हजार रुपये सम्बन्धित मु0अ0सं0 32/2024 धारा 379/411 भादवि थाना कबरई जिला महोबा को बरामद करते हुये चूड़ी वाली गली महोबा से गिरफ्तार किया गया है।

इसी क्रम में उ0नि0 श्री सुजीत कुमार जायसवाल चौकी प्रभारी सुभाष के नेतृत्व में द्वितीय पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान मु0अ0सं0 600/23 धारा 363/366/376 भादवि व ¾ पाक्सो एक्ट व 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट में वाँछित अभियुक्त भगवान दास पुत्र हेमा कुशवाहा उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम बौरा थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा को राठ चुंगी महोबा से गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार वांछित अभियुक्तों के विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही के उपरान्त माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्तगण विवरण

1- मोहम्मद आसिफ पुत्र इशहाक अली उम्र करीब 21 वर्ष निवासी गनीनगर मजरा शाहपुर थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद (सम्बन्धित मु0अ0सं0 149/2024 धारा 379/411 भादवि थाना कोतवाली महोबा तथा मु0अ0सं0 32/2024 धारा 379/411 भादवि थाना कबरई)

2- भगवानदास पुत्र हेमा कुशवाहा उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम बौरा थाना कुलपहाड़ (सम्बन्धित मु0अ0सं0 600/23 धारा 363/366/376 भादवि व ¾ पाक्सो एक्ट व 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट)

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम प्रथमः-

1.उ0नि0 सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया प्रभारी चौकी भटीपुरा

2.कां0 कुबेर सिंह 3.कां0 प्रवीण कश्यप

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम द्वितीयः-

उ0नि0 सुजीत कुमार जायसवाल प्रभारी चौकी सुभाष थाना कोतवाली



## थाना कोतवाली नगर की पुलिस टीम ने

## अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने एवं अपराधियों की धरपकड़ तथा अवैध शस्त्र के निर्माण, विक्री एवं परिवहन करने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 04.07.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यम् व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली नगर महोबा प्रभारी निरीक्षक श्री नरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित टीम के उ0नि0 बुद्दीसागर द्वारा 01 नफर अभियुक्त इन्दल पुत्र पुतिया उम्र 52 वर्ष निवासी मु0 भीतरकोट थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा के कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद करते हुये पुलिस लाइन के पास स्थित काशीराम कालोनी से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0- 332/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया, बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया ।

**गिरफ्तार अभियुक्त -**

इन्दल पुत्र पुतिया उम्र 52 वर्ष निवासी मु0 भीतरकोट थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 बुद्दीसागर प्रभारी चौकी मनियादेव थाना कोतवाली नगर
2. हे0का0 मुन्नालाल



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 04.07.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में भारी पुलिस बल के साथ पैदल गस्त कर आगामी पर्व मोहर्रम के दृष्टिगत थाना क्षेत्र में निकलने वाले जुलूस के मार्गों का किया गया निरीक्षण, व्यापक पुलिस प्रबंध करते हुये जुलूस को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक निर्देश ।

- **पैदल गस्त के दौरान आमजन व व्यापारियों से संवाद कर सुरक्षा का दिलाया गया भरोसा।**

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा आगामी त्यौहारों (मोहर्रम,रक्षाबन्धन,श्रावण मास) के दृष्टिगत जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था को अक्षुण्य बनाये रखने हेतु आज दिनांक 04.07.2024 को थाना कोतवाली नगर महोबा क्षेत्र में संवेदनशील**,**मिश्रित एंव घनी आबादी वाले स्थानों पर भारी पुलिस बल व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पैदल गस्त कर आगामी त्यौहार मोहर्रम पर निकलने वाले जुलूस/ताजियों के आने-जाने वाले मार्ग/रूट का निरीक्षण किया गया तथा जूलूस को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु सम्बन्धित को आयोजन स्थल व जुलूस के मार्गों पर व्यापक पुलिस प्रबंधन हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। पैदल गस्त के दौरान आमजन व व्यापारियों से संवाद कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रमुख मार्गो,चौराहों,बाजारों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों आदि पर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की गहनता से चेकिंग की गई तथा अतिक्रमण करने वाले व्यापारियों, दुकानदारों एवं अव्यवस्थित तरीके से वाहन खड़ा करने वाले लोगों से वार्ता कर शासन की मंशानुरुप उन्हें व्यवस्थित तरीका अपनाने के लिए दिये गए आवश्यक दिशा निर्देश व आमजन को आश्वस्त कराया गया कि जनपद महोबा पुलिस शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है। संवेदनशील स्थानों में संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की सघन चेकिंग की गई साथ ही यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले **167** वाहनों के ई-चालान किये गये ।

